राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency

सं०सं० :SHSB/GA/HR/1852/2016

पत्रांक : ......................

सेवा में,

**निदेशक**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक : /08/2016

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत Specialist Doctors के पद पर चयन/नियोजन से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निर्देशानुसार कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत **Specialist Doctors** से संबंधित विज्ञापन (विज्ञापन सं० 07/16) के प्रकाशन हेतु एतद् संबंधी सूचना दिनांक 04.08.2016 को दैनिक समाचार पत्रों यथा **हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, प्रभात खबर (राज्य संस्करण), दी टाईम्स ऑफ इंडिया (अखिल भारतीय संस्करण)** में प्रकाशित करवाने हेतु विज्ञापन का हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी संलग्न कर भेजी जा रही है।

2. अनुरोध है कि कृपया उक्त श्वेत–श्याम सूचना को उल्लेखित समाचारपत्रों में दिनांक 04.08.2016 को प्रकाशित करवाने की कृपा की जाय। इसका भुगतान राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जाएगा।

**अनुलग्नकः** विज्ञापन की हार्ड कॉपी एवं सी०डी०।

विश्वासभाजन

ह०/–

**(खालिद अरशद)**

ज्ञापांक : 3100 पटना, दिनांकः 03/08/2016

प्रतिलिपिः

- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
- सिस्टम एनालिस्ट–सह–डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रशासी पदाधिकारी–सह–**
**प्रभारी, मानव संसाधन**

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, स्वस्थ बिहार दूरभाष: 0612-2290340, 2281545, फैक्स: 2290322

# STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR

An ISO 9001 : 2008 Certified Institution

विज्ञापन संख्या–07/16

# वॉक्-इन-इंटरव्यू

राज्य में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मुहैय्या कराने हेतु जनहित में सदर अस्पताल एवं First Referral Unit में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक (Specialist Doctor) के संविदागत् पदों पर चयन/नियोजन हेतु निम्नवत् तिथि को वॉक्-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है :-

| क्र०सं० | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या* | मानदेय (प्रति माह रु०) | वॉक्-इन-इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Paediatricians | **86** (UR-43, EBC-15, BC-10, SC-14, ST-01 & BC(F)-03) | MD/DNB- 1,00,000/- or DCH- 90,000/- | **29, 30 एवं 31 अगस्त, 2016** |
| 2 | Obstetricians & Gynaecology | **75** (UR-38, EBC-13, BC-09, SC-12, ST-01 & BC(F)-02) | MS/MD/DNB- 1,00,000/- or DGO- 90,000/- | |
| 3 | Anaesthetists | **75** (UR-38, EBC-13, BC-09, SC-12, ST-01 & BC(F)-02) | MD/DNB- 1,00,000/- or DA- 90,000/- | |
| 4 | MD Medicine | **36** (UR-18, EBC-07, BC-04, SC-06 & BC(F)-01) | MD/DNB- 1,00,000/- | |
| 5 | Ophthalmologist | **36** (UR-18, EBC-07, BC-04, SC-06 & BC(F)-01) | MS/DNB- 1,00,000/- or DOMS/DO- 90,000/- | |
| 6 | Dermatologist | **36** (UR-18, EBC-07, BC-04, SC-06 & BC(F)-01) | MD/DNB- 1,00,000/- or DVD- 90,000/- | |
| 7 | ENT | **36** (UR-18, EBC-07, BC-04, SC-06 & BC(F)-01) | MS/DNB- 1,00,000/- or DLO- 90,000/- | |
| 8 | Psychiatrist | **11** (UR-06, EBC-02, BC-01 & SC-02) | MD in Psychiatry- 1,00,000/- | |

**** Above roster position of vacancies may vary.***

**नोट** :– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प सं० 11/आ०नी०–1–11/2015 सा०प्र० 963 दिनांक 20–01–16 के आलोक में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय होगा।

**सामान्य निर्देश** :–

1. उक्त सभी पद हेतु TOR राज्य स्वास्थ्य समिति के वेबसाईट–***www.statehealthsocietybihar.org*** पर देखा जा सकता है।
2. उक्त सभी पद हेतु आयु, अनुभव एवं अन्य प्रमाण–पत्रों के लिए Cut off Date- 01.04.2016 होगा।
3. उक्त सभी पद हेतु अधिकतम आयु सीमा दिनांक 01.04.2016 को 55 (पचपन) वर्ष होनी चाहिए।
4. उक्त सभी पद हेतु वॉक्–इन–इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का TA/DA अनुमान्य नहीं होगा।

5. नियोजन पूर्णतः संविदा के आधार पर 11 माह के लिए किया जायगा। जिसमें प्रारम्भ से 06 माह परीविक्षा (Probation) अवधि होगी। चयनित अभ्यर्थियों के संतोषप्रद कार्य, पदों की आवश्यकता एवं राशि की उपलब्धता के आधार पर संविदा अवधि विस्तार की जा सकती है।
6. संविदागत् नियोजन के आधार पर किसी भी तरह का नियमितीकरण अथवा पुनर्नियोजन का दावा मान्य नहीं होगा।
7. केवल बिहार राज्य के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा।
8. उक्त सभी पद हेतु अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ एक स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो के साथ वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लें।
9. वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लेने वाले सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के अभ्यर्थियों को 300/–रु० एवं अनुसूचित जाति/जनजाति को 75/–रु० का बैंक ड्राफ्ट जो **"राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार"** के नाम से **'पटना'** में देय होगा अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। यह राशि **Non-refundable** होगी।
10. वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लेने हेतु **राज्य स्वास्थ्य समिति, परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना–14** में निर्धारित तिथि को **पूर्वाह्न 9:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे** तक निबंधन कराना अनिवार्य होगा। बिना निबंधन कराये हुए कोई भी अभ्यर्थी वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग नहीं ले सकेंगे।
11. वर्त्तमान में कोटिवार रिक्ति की संख्या में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नियोजन पूर्व एवं नियोजन के पश्चात् करने हेतु बिना किसी सूचना को राज्य स्वास्थ्य समिति का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
12. राज्य स्वास्थ्य समिति/स्वास्थ्य विभाग उक्त पद या पद की संख्या या विज्ञापन रद्द या उक्त सभी पद या कोई एक पद को बिना किसी सूचना के समाप्त/परिवर्त्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**(खालिद अरशद, बि०प्र०से०)**
**प्रशासी पदाधिकारी–सह–**
**प्रभारी, मानव संसाधन**
**राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार।**